एक नजर में

जैन एलीट क्लब मंदसौर का सामूहिक क्षमापना एवं तपस्वी बहुमान कार्यक्रम संपन्न

मंदसौर। नगर के प्रतिष्ठित ग्रुप जैन एलीट क्लब, मंदसौर द्वारा पर्यूषण पर्व के समापन पश्चात् सामूहिक क्षमापना एवं तपस्वी बहुमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक डॉ. अभिजीत जैन और सिद्धार्थ जैन ने बताया कि दिनांक 7 सितंबर 2025, रविवार को दोप. 3 बजे से 5 बजे तक श्रेयांस राजेंद्र भवन (श्रेयांसनाथ मंदिर), डॉ. वीरेंद्र गांधी के क्लीनिक के पास, मंदसौर पर गत वर्ष में हुई समस्त भूलों के लिए क्षमायाचना करने हेतु एवं तपस्वियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें ग्रुप के सभी दम्पत्ति सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ अभिजित जैन, अपूर्व डोसी, आदिश जैन, हितेश भंडारी, नमन जैन, सम्यक जैन, दीपांशु कर्नावट, अजय भंडारी, सिद्धार्थ मुरडिया, अमन सकलेचा, आयुष डोसी, सन्नी जैन, रिषी मित्तल, आगम बाफना, रिषभ बाफना आदि उपस्थित थे।

अति बारिश से हुई फसलो का नुकसान को लेकर किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया

कयामपुर/नाहरगढ। मंदसौर जिले मे हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के बिशनिया अंचल के किसानो की फसले खराब, अफलन व पिला मोजक से अधिक नुकसान हुआ है। जिसको लेकर बिशनिया अंचल के किसानो का एक प्रतिनिधिमंडल उप तहसील कार्यालय कयामपुर पंहुच कर तहसीलदार रमेश मसारे को समस्या का ज्ञापन दिया। बडी संख्या मे अंचल के किसान उपस्थित थे।

अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़ा

मंदसौर। थाना दलौदा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 158 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा (कीमत ?6.32 लाख), एक काले रंग की हुंडई क्रेटा कार (कीमत ?15 लाख) और पायलेटिंग में प्रयुक्त सिल्वर रंग की हुंडई एक्सेंट कार (कीमत ?4 लाख) जप्त की। आरोपियों की पहचान चन्द्रशेखर उर्फ शेखर विश्नोई (नागौर, राजस्थान) और बजरंग विश्नोई (जोधपुर, राजस्थान) के रूप में हुई है। दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने ह्ष्ठक्क एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ की है। थाना प्रभारी मनोज गर्ग व टीम की सराहनीय भूमिका रही।

गायत्री परिवार की मनासा तहसील स्तरीय गोष्ठी में उभरे सामूहिक साधना एवं मंडल गठन के संकल्प

मनासा। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा रविवार को मनासा शक्तिपीठ मनासा जिला - नीमच पर *तहसील स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी* का आयोजन किया गया। गोष्ठी अंतर्गत वरिष्ठ परिजन श्री जानकीलाल धाकड़ द्वारा सत्संकल्प के पाठ से गोष्ठी प्रारंभ की गई। तत्पश्चात गायत्री परिवार के जिला समन्वयक श्री गिरिराज सिंह चौहान द्वारा 11 बिंदुओं के आधार पर नीमच जिले में जन्मशताब्दी प्रयाज क्रम अंतर्गत प्रज्ञा संस्थान के आलोक क्षेत्र के 24 ग्रामों में समूह साधना, मंडल गठन, युवा चिंतन शिविर भोपाल, ज्योति कलश यात्रा की भूमिका, सत्संकल्प एवं शताब्दी वर्ष बैनर को प्रमुख स्थलों पर स्थापित करने, प्रज्ञा संस्थान का वार्षिकोत्सव मनाने, विद्यालय/महाविद्यालय में पुस्तक मेला आयोजन, शांतिकुंज हरिद्वार में आगामी जन्मशताब्दी आयोजन विषयक संकल्प पत्र, अनुदान विषयक विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मनासा तहसील के 11 स्थानों पर प्रति गुरुवार समूह साधना प्रारंभ कर निर्धारित प्रारूप में मंडल गठन का संकल्प लेते हुए 11 सितंबर, गुरुवार से सामूहिक साधना प्रारंभ करने का संकल्प उपस्थित क्षेत्रीय शाखाओं के परिजनों एवं मातृशक्ति द्वारा लिया गया। आगामी युवा चिंतन शिविर भोपाल में युवाओं की भागीदारी, परिजनों द्वारा बारी - बारी से प्रज्ञा संस्थान पर रुककर समयदान करने विषयक पहल एवं बाल संस्कार शाला तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण आयोजित करने का संकल्प मनासा तहसील के परिजनों द्वारा लिया गया। गोष्ठी में मनासा तहसील के मनासा, बनी, अल्हेड, रायसिंहपुरा,खेड़ी, लोडकिया, बड़कुआ, सुंडी, पड़दा शाखाओं के सक्रिय परिजनों सहित मनासा नगर शाखा की मातृशक्ति एवं परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन मुख्य ट्रस्टी श्री महेश धनोतिया द्वारा एवं आभार तहसील समन्वयक श्री दिनेश खाबिया द्वारा व्यक्त किया गया।

सीएम यादव 12 को करेंगे मल्हारगढ़ व गांधी सागर का दौरा : कलेक्टर

मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 12 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मल्हारगढ़ में आमसभा एवं गांधीसागर में गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में सम्मिलित होने के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों को आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि समय-सीमा बैठक में जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, प्रतिनिधि को न भेजें। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गांव-गांव में स्वस्थ पेयजल अभियान चलाने तथा अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी नगर परिषदों को अमृत-2 योजना के अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर करने कहा गया। सीसीबी द्वारा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने हेतु विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों को निराश्रित मवेशियों को गरिमापूर्ण तरीके से पकड़कर उचित स्थान पर छोड़े जाने तथा पशुपालन विभाग से प्रशिक्षण लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। मवेशियों को पकड़ने में किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो, यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की गई। गरोठ एवं भानपुरा क्षेत्र के लिए उज्जैन रैक प्वाइंट से खाद उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। दलोदा में रैक लग चुकी है तथा नीमच से भी अतिरिक्त रैक की व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व धूमधाम से संपन्न

पर्व के दौरान नगर के बाहर स्थित बाहुबली नाम में समाजजनों ने सामुहिक पुजन एवं शांतिधारा अभिषेक किया

मनासा। दिगंबर जैन मंदिर परिसर में पर्युषण पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व बबीना (झाँसी) से पधारीं साध्वी रशमी दीदी एवं अभिलाषा दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ।

पूरे दस दिनों तक दीदीयों ने धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। समाजजनों ने साध्वी दीदीयों के उपदेशों को आत्मसात कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर तापस्वियों का एवं दीदीयों का सम्मान भी किया गया।

चतुर्दशी के दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसके माध्यम से नगर में धर्म प्रभावना की गई। वहीं समापन अवसर पर क्षमावाणी पर्व मनाया गया,

जिसमें सभी ने एक-दूसरे से विनम्रता पूर्वक क्षमा याचना कर सहिष्णुता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग योजनाओं में हितग्राहियों को लाभांवित करें

नीमच। पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी विभाग सभी विभागीय योजनाओं में इस माह अंत तक शतप्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें और हितग्राहियों को लाभांवित करें।

पशुपालन विभाग, पशुओं के उपचार और टीकाकरण के कार्य में तेजी लाए और सभी उपचार योग?य पशुओं का उपचार सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक?टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक?टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों बैठक में विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ. अमन वैष्णव सहित ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक जिला पंचायत सी.ई.ओ. अमन वैष?णव सहित ए.पी.सी.समूह के सभी विभागों में अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक?टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक व जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे बैंक शाखाओं से सतत समन्वय व संवाद कर, विभागीय योजनाओं में बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों में स?वीकृति एवं हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण तत्परतापूर्वक करवाए। बैठक में जिला केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए गये, कि वे पशुपालन के.सी.सी.के सहकारी बैंक शाखाओं में लंबित सभी 7 हजार 700 प्रकरणों में इसी माह के.सी.सी.जारी करवाना सुनिश्चित करें। उपसंचालक पशुपालन को जिले में इस माह 20 हजार पशुओं में नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सोर्टेड सीमन का लक्ष?य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में मत्स्य पालन, कृषि रबी फसल की तैयारी, रबी में उर्वरक की उपलब?धता, फसल बीमा योजना, नैनो, यूरिया का वितरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने रबी में सहकारी बैंक को 40 हजार, विपणन संघ के 10 हजार एवं कृषि विभाग को 10 हजार इस तरह कुल 50 हजार नैनो यूरिया की बाटल वितरण का लक्ष्य प्रदान करते हुए इसी रबी सीजन में किसानों को नैनो, यूरिया की बाटल वितरित करने के निर्देश दिए।

अति वर्षा से फसलें बर्बाद, किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, प्रति हेक्टेयर 50 हजार सहायता की मांग

नीमच। जावद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोर में अति वर्षा के कारण किसानों की मेहनत पूरी तरह से पानी में खराब हो गई है। गांव के अधिकांश किसानों की सोयाबीन, मूंगफली, मक्का सहित अन्य खरीफ फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। खेतों में अब कहीं भी खड़ी फसल नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में किसानों की हालत गंभीर हो चुकी है, क्योंकि बोवनी के समय उन्होंने बीज, जुताई और हंकाई आदि पर कर्ज लेकर भारी खर्च किया था। फसल नष्ट हो जाने से किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इस स्थिति में किसानों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराया जाए और हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रत्येक किसान को प्रतिहेक्टर 50 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने इस सहायता को एक माह के भीतर किसानों तक पहुंचाने की भी गुहार लगाई है।किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण उनकी आय पूरी तरह चौपट हो गई है। अब आगे की खेती के लिए भी उनके पास साधन शेष नहीं बचे हैं। यदि समय पर सहायता राशि नहीं मिली, तो ग्रामीण अंचल में किसानों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सहायता राशि ही किसानों को आर्थिक सम्बल दे सकती है और आगामी रबी सीजन में खेती करने योग्य बना सकती है।

फर्जी तरीके सिम बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार, 10सिम बरामद

गरोठ/भवानीमंडी। साइबर अपराध में लिप्त एयरटेल सिम विक्रेता के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 एयरटेल कंपनी की 5त्र सिम बरामद की है। आरोपी ग्राहकों की जानकारी के बिना उनकी पहचान का दुरुपयोग कर ष्ठह्रञ्ज के च्ङ्खष्ट नियमों का उल्लंघन कर एक से अधिक बार फर्जी च्ङ्खष्ट के आधार पर सिम जारी करता था।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी थानों को टीम गठित कर ऐसे अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में भवानीमंडी पुलिस और साइबर सेल झालावाड़ की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी महेश मीना पुत्र नानुराम मीना (उम्र 30 वर्ष, निवासी टगर मोहल्ला, भवानीमंडी) को गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी रमेशचंद मीणा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी ग्राहकों की जानकारी के बिना उनकी पहचान पत्रों का उपयोग कर सिम कार्ड जारी करता है। सूचना की पुष्टि कर पुलिस ने गोपनीय कार्रवाई करते हुए आरोपी से 10 एयरटेल कंपनी की 5त्र सिम जब्त की। आरोपी प्रति सिम 1000 रुपये लेकर फर्जी तरीके से सिम उपलब्ध कराता था। पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी एवं सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस की आमजन से अपील

पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने नाम से जारी सभी सिम कार्डों की जांच 'संचार साथी' ऐप के माध्यम से करें। यदि कोई अनावश्यक या जाली सिम कार्ड मिलें तो उनकी रिपोर्ट कर उन्हें बंद कराएं। पुलिस ने कहा कि साइबर फ्रॉड रोकने में नागरिकों की जागरूक भागीदारी आवश्यक है।

एक नजर पिछले एक वर्ष में समाज उत्थान के लिए एक करोड़ दस लाख रूपए प्रदान किए : बालूसिंह

युवा आईएएस व आईपीस बने, शिक्षा में सहयोग किया जाएगा

पिपलियामण्डी। आने वाले समय में समाज के युवा आईएएस, आईपीसीए जैसे बड़े पदों पर पहुंचे, इसकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु व्यक्तिगत स्तर पर भी सहयोग किया जाएगा। यह बात गुजराती बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वानिया ने कही।

वे समाज के सामाजिक विकास संगठन द्वारा गांव खेड़ा (सीतामउ) में आयोजित महिला स्व सहायता समूह लोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करत रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में समाज उत्थान के लिए 1 करोड़ 10 लाख रुपए प्रदान किए है। साथ ही समाज के गरीब परिवार में मृत्यु होने पर 5000 हजार रुपए की सहायता देने की भी व्यवस्था की है। उन्होंने समाज के उत्थान हेतु कई बिंदुओं पर बात रखी और समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले 5 से 7 वर्षों में हरसंभव आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा कन्या पूजन के साथ हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिया ने स्वयं के खाते से 4 महिला स्वसहायता समूहों को लोन वितरण कर समूह अध्यक्ष व सचिव को चेक प्रदान किए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एमबीबीएस में चयनित छात्रा महक खींची के अभिभावक को 25,000 रुपए व मार्शल आर्ट्स में ब्लैक बेल्ट हासिल करने वाले प्रियांशु परमार को प्रोत्साहन राशि दी। इसके अतिरिक्त मंदसौर जिले में धर्मशाला निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा भी की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगीलाल राठौड़ (रिटायर्ड एसआई) राष्ट्रीय संरक्षक केएल परमार, राष्ट्रीय सचिव आरसी परमार, राष्ट्रीय सलाहकार अर्जुन हरोड़, राष्ट्रीय प्रवक्ता कालूराम परमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र वाघेला, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रसिंह डाबी, संगठन मंत्री मनोहर जाधव, प्रदेश सचिव नीलेश गुजराती, प्रदेश प्रभारी बालकदास, जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. विजय पाटीदार ने समाज के उत्थान पर जोर देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिया द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की व्यवस्था में खेड़ा गांव की युवा टीम का विशेष सहयोग रहा। संचालन बीएल सोलंकी ने किया। आभार जिला अध्यक्ष कमलेश परमार ने माना।